an>

Title: Regarding development of Orcha as a tourist place in Madhya Pradesh and making it a railway stoppage of the important trains passing through the route.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़-छत्तरपुर में ओरछा धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से एक बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। यहां ऐतिहासिक किले हैं, पुरातत्व का महत्व रखने वाले मंदिरों की श्रृंखला है और भगवान राम का धार्मिक महत्व रखने वाला मंदिर है। यहां पूरे देश से बड़ी संख्या में धर्मालु और विदेशों से पर्यटक आते हैं। अक्तूबर माह से लेकर फरवरी माह के अंत तक वहां होटलों में पैर रखने की भी जगह नहीं मिलती। इन पर्यटकों को ओरछा आने-जाने के लिए झांसी से खजुराहो ट्रेन चलती है, उसका और किसी भी एक्सप्रैस ट्रेन का वहां स्टापेज नहीं है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि ओरछा क्षेत्र के विकास के साथ-साथ यहां से निकलने वाली बुन्देलखंड एक्सप्रैस, उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रांति, तुलसी एक्सप्रैस, उदयपुर-खजुराहो पर्यटन केन्द्र को जोड़ने वाली ट्रेनों का ओरछा स्टेशन पर स्टापेज किया जाये। बहुत-बहुत धन्यवाद।